प्रेस नोट

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 13.10.2024 को जनपद में अपराधियों के विरूद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः-

- थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त संदीप सिंह पुत्र डा0 त्रिभुवन सिंह निवासी ग्राम मंगोलपुर, नुनियनपुरवा थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 32 अदद क्वार्टर ट्वीन टावर अवैध देशी शराब बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 472/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त विपिन कुमार पुत्र श्री राम गोपाल उम्र करीब 28 वर्ष निवासी पिपरी पतरहार थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात के कब्जे से 20 अदद देशी शराब क्वार्टर नाजायज बरामद होने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 262/24 धारा 60 आबकारी अधि0 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।
- थाना शिवली पुलिस द्वारा अभियुक्त विजयनाथ पुत्र मुकेशनाथ नि0 ग्राम बनसठी थाना चौबेपुर जनपद कानपुर नगर उम्र 21 वर्ष द्वारा सार्वजनिक स्थान पर आने जाने वाली लड़कियों व महिलाओं से अश्लील गाने गाकर व अश्लील हरकते करने के सम्बन्ध में गिरफ्तार कर मु0अ0सं0 288/2024 धारा 296 बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 23 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना रूरा पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना देवराहट पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना डेरापुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना राजपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 10 व्यक्तियों तथा थाना शिवली पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।